# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Dist.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pin code 494001

Telephone 07782-229037, Fax 07782-229037 Website: www.smkvbastar.ac.in


क्रमांक/1075/804/अका./श.म.क.वि.वि./प्रवेश/2025 जगदलपुर, दिनांक 14/06/2025

14 JUN 2025

## //अधिसूचना//

आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रमांक/1693/516/आउशि/सम./2025 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 06.06.2025 तथा पत्र क्रमांक एफ 17–83/2018/38–2 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 30.05.2025 के अनुक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु जारी किये गये प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं अकादमिक कैंलेण्डर के अनुसार विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक 16/06/2025 से विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in के माध्यम से प्रारंभ किया जा रहा है।

उपरोक्तानुसार स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल में ऑनलाईन प्रवेश हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारण किया जाता है :–

### ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया का विवरण

| क्रं. | ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया | ऑनलाईन आवेदन एवं त्रुटि सुधार करने की तिथि | आवेदकों की सूची डाउनलोड कर प्रवेश सूची जारी करने की तिथि | दस्तावेज परीक्षण एवं प्रवेश की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | प्रथम चरण | 16/06/2025 से 25/06/2025 तक | 26/06/2025 | 27/06/2025 से 06/07/2025 तक |
| 2 | द्वितीय चरण (सीट रिक्त होने पर) | 26/06/2025 से 06/07/2025 तक | 07/07/2025 | 08/07/2025 से 15/07/2025 तक |
| 3 | तृतीय चरण (सीट रिक्त होने पर) | 07/07/2025 से 16/07/2025 तक | 17/07/2025 | 18/07/2025 से 24/07/2025 तक |
| 4 | चतुर्थ चरण (सीट रिक्त होने पर) | 17/07/2025 से 25/07/2025 तक | 26/07/2025 | 27/07/2025 से 31/07/2025 तक |
| 5 | पंचम चरण (सीट रिक्त होने पर माननीय कुलपति जी की अनुमति से) | 01/08/2025 से दिनांक 14/08/2025 तक प्रवेश दिया जाये। | | |

(एल.एल.एम./बी.एड़/एम.बी.ए./एम.सी.ए./एम.लिब. को छोड़कर)

**टीप** :– आवेदक छात्र/छात्राओं एवं विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं/महाविद्यालयों के लिए जारी दिशा–निर्देश पृथक से संलग्न है।

(माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमादित)

कुलसचिव

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक / 1076 / 804 / अका. / श.म.क.वि.वि. / प्रवेश / 2025 जगदलपुर, दिनांक ......... / 06 / 2025

14 JUN 2025

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन, रायपुर छत्तीसगढ़।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपर अटल नगर।
4. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर।
5. कलेक्टर, जिला–बस्तर / कोण्डागांव / कांकेर / नारायणपुर / दन्तेवाड़ा / बीजापुर / सुकमा।
6. प्राचार्य, समस्त सबंद्ध महाविद्यालय, शहीद महेंन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
7. कुलानुशासक / अधिष्ठाता छात्र कल्याण, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
8. समस्त विभाग प्रमुख / समस्त विभागाध्यक्ष, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
9. जनसम्पर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
10. आईटी सेल / वेबसाईट प्रभारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर

–की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**सहायक कुलसचिव (अकादमिक)**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

## (1) ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया – आवेदक छात्र–छात्राओं हेतु निर्देश–

1.1 सत्र 2024–25 में विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में छात्र–छात्राओं के प्रवेश हेतु प्रति ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क (त्रुटि सुधार शुल्क सहित) राशि रू. 100/– (एक सौ रूपये) निर्धारित है।

1.2 ऑनलाईन शुल्क भुगतान हेतु बैंक द्वारा लिए जाने वाले अन्य चार्जेस का भुगतान आवेदक को पृथक से करना होगा।

1.3 किसी एक प्रोग्राम जैसे बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु एक बार ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क का भुगतान कर एक से अधिक महाविद्यालय, जहाँ आवेदक छात्र/छात्रा द्वारा चयन किये गये प्रोग्राम /विषय समूह संचालित होते हैं, का चयन कर सकते है।

1.4 यदि महाविद्यालय द्वारा किसी एक प्रोग्राम जैसे बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के अन्तर्गत एक से अधिक विषय समूह निर्धारित किये गये हैं, तो आवेदक छात्र/छात्रा जिस विषय समूह के विषयों का अध्ययन करना चाहते हैं, उस विषय समूह का चयन कर सकते हैं। आवेदक छात्र/छात्रा एक से अधिक विषय समूह का चयन कर सकते हैं। महाविद्यालय द्वारा जारी की जाने वाली प्रवेश सूची में नाम होने पर उस विषय समूह में नियमानुसार प्रवेश ले सकते हैं।

1.5 आवेदक छात्र/छात्रा एक प्रोग्राम के अन्तर्गत केवल एक विषय समूह में ही नियमानुसार प्रवेश ले सकते हैं। एक से अधिक प्रोग्राम के अन्तर्गत अथवा एक ही प्रोग्राम के अन्तर्गत एक से अधिक विषय समूह में प्रवेश मान्य नहीं होगा।

1.6 पृथक–पृथक प्रोग्राम में प्रवेश हेतु एक ही बार ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करना होगा तथा पंजीयन एवं आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।

1.7 प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने तथा शुल्क भुगतान करेंगे तथा ऑनलाईन आवेदन करने पश्चात् आवेदन, भुगतान की गई शुल्क का रसीद प्रिन्ट आउट कर रख लेवें।

1.8 समस्त अनिवार्य/आवश्यक दस्तावेज जैसे–कक्षा 10वीं, कक्षा 12वीं, स्नातक की अंकसूची की प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। (संबंधित बोर्ड/मंडल/विश्वविद्यालय द्वारा अंकसूची जारी नहीं करने की स्थिति में इंटरनेट पर जारी परीक्षा परिणाम की प्रति प्राचार्य से प्रमाणित कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।)

1.9 जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र, पहचान पत्र जैसे आधार आदि की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।

1.10 स्थानातरंण प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, संबंधित बोर्ड/मंडल द्वारा जारी माईग्रेशन प्रमाण–पत्र की मूल प्रति प्रवेश के समय महाविद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

1.11 प्रवेश से संबंधित छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए जारी किये गये प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों के अध्यादेश का अवलोकन विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in से कर सकते हैं।

1.12 शैक्षणिक सत्र 2025–26 में विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित जिन प्रोग्राम में प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से की जा रही है, की सूची का अवलोकन विश्वविद्यालय के वेबसाईट से कर सकते हैं।

1.13 प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने से पूर्व विश्वविद्यालय के वेबसाईड www.smkvbastar.ac.in के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2025–26 में विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से की जा रही है, की सूची, उपलब्ध विषय समूह एवं सीट संख्या का अवलोकन ऑनलाईन कर सकते हैं।

1.14. प्रथम चरण में प्रवेश नहीं होने पर आवेदक अपने यूजर आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से लागिंन कर विषय समूह एवं महाविद्यालय परिवर्तित कर आगामी चरण की प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकतें हैं।

Assistant Registrar (Academic)
Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar
Jagdalpur, Dist.-Bastar, Chhattisgarh

**(3) विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों हेतु निर्देश –**

3.1 विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्ष एवं प्रवेश प्रभारी तथा विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रवेश प्रभारी छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए जारी किये गये प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं अकादमिक कैलेण्डर तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों के अध्यादेश के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगें।

3.2 विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सूचना, महाविद्यालय से संबंधित जानकारी, महाविद्यालय में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त एवं विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त पाठ्यक्रमों की सूची, उपलब्ध विषय समूह एवं सीट संख्या, प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता, कार्यरत शिक्षकों एवं उपलब्ध सुविधाओं आदि की जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट एवं सूचना पटल पर अनिवार्यतः प्रदर्शित करेंगे।

3.3 आवेदक छात्र/छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए हेल्प डेस्क स्थापित कर महाविद्यालय के स्टॉफ को निर्देशित करेंगे।

3.4 महाविद्यालय में संचालित समस्त स्नातक स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित सीट संख्या एवं समय–समय पर की गई सीट वृद्धि के अनुसार ही प्रवेश देना सुनिश्चित करेंगे। छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित सीट संख्या में समय–समय पर की गई सीट वृद्धि संबंधी आदेश की प्रति विश्वविद्यालय को प्रेषित करते हुए संबद्धता हेतु आवेदन प्रेषित कर संबद्धता की प्रक्रिया अनिवार्यतः करेंगे।

3.5 कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रमांक 544/192/आउशि/गु.प्र./2024 नवा रायपुर दिनांक 14.06.2024 के द्वारा जारी **संकाय/विषय समूह** का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगें।

3.6 महाविद्यालय में प्रत्येक प्रोग्रामके लिए निर्धारित विषय समूह के अनुसार प्राप्त होने वाले ऑनलाईन आवेदनों की सूची निर्धारित तिथि में पोर्टल से डाउनलोड करने की प्रक्रिया संलग्न है।

3.7 महाविद्यालय द्वारा संबंधित प्रोग्राममें प्रवेश हेतु गुणानुक्रम के आधार पर जारी की गई प्रवेश सूची के अनुसार छात्र/छात्राओं की User ID को विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन Add to Merit करना एवं SMS करना अनिवार्य है। ताकि छात्र/छात्राओं को मेरिट सूची में उनके नाम आने की सूचना प्राप्त हो सके। जिन छात्र/छात्राओं की User ID को ऑनलाईन Add to Merit नहीं किया जायेगा। ऐसे छात्र/छात्राओं की User ID को पोर्टल में में Verified and Admitted कर लॉक नहीं किया जा सकेगा। अतः प्रवेश हेतु निर्धारित प्रत्येक चरण एवं मेरिट सूची जारी करने पर तत्काल उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

3.8 महाविद्यालय द्वारा संबंधित प्रोग्राममें प्रवेश हेतु गुणानुक्रम के आधार पर जारी की गई प्रवेश सूची के अनुसार प्रवेशित छात्र–छात्राओं की User ID को प्रवेश के लिए निर्धारित अंतिम तिथि अनुसार पोर्टल में verified and Admitted करना अनिवार्य है। अतः प्रवेश हेतु निर्धारित प्रत्येक चरण एवं मेरिट सूची जारी करने पर तत्काल उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

3.9 समस्त अनिवार्य/आवश्यक दस्तावेज जैसे–कक्षा 10वीं, 12वीं की अंकसूची की छायाप्रति का मूल अंकसूची से मिलान करना अनिवार्य होगा। (संबंधित बोर्ड/मंडल/विश्वविद्यालय द्वारा अंकसूची जारी नहीं करने की स्थिति में इंटरनेट पर जारी परीक्षा परिणाम की प्रति प्राचार्य से प्रमाणित कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।)

3.10 आवेदक द्वारा जमा किये गये स्थानातरंण प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, संबंधित बोर्ड/मंडल द्वारा जारी माईग्रेशन प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र, पहचान पत्र जैसे आधार आदि की छायाप्रति का मूल प्रति से मिलान परीक्षण करना अनिवार्य होगा।

3.11 प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात verified & Admitted करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्रवेश निरस्त माना जावेगा तथा छात्र/छात्रा आगामी चरण की प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते है।

Assistant Registrar (Academic)
Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar
Jagdalpur, Dist.-Bastar, Chhattisgarh

## (2) ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की प्रक्रिया –

2.1 आवेदक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के वेबसाईट https://www.abc.gov.in के माध्यम से स्वयं का ABC ID बनाकर ऑनलाईन पंजीयन आवेदन में दर्ज करें।

2.2 ABC ID संबंधी पेज का प्रिंट आउट संभालकर रखें। महाविद्यालय में प्रवेश के समय पर ABC ID संबंधी पेज का प्रिंट आउट को महाविद्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

2.3 विश्वविद्यालय के वेबसाईड www.smkvbastar.ac.in में Admission → Online Admission → UG → Student Login → New Registration पर Click करें एवं ऑनलाईन पंजीयन करें।

2.4 पंजीयन पश्चात आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। जिसे Student Login में क्लिक कर पुनः लागिंन करेंगे।

2.5 My Applications में जाकर New application → Select Programme and College → submit and proceed → Personal Information पर चाही गई समस्त जानकारी सही–सही दर्ज करें एवं Save & Continue बटन पर Click करें।

2.6 Educational Information में जाकर उत्तीर्ण परीक्षा की जानकारी Add करेंगे।

2.7 Subject Selection में क्लिक कर महाविद्यालय एवं विषय/विषय समूह का चयन करेंगे। एक आवेदन में एक से अधिक महाविद्यालय एवं एक से अधिक विषय समूह का चुनाव आवेदक कर सकता है।

2.8 आवेदक अधिभार के संबंध में निर्देश का अवलोकन करें एवं प्रदर्शित की गई सूची में से एक या अधिक उपयुक्त अधिभार का चयन कर सकते हैं।

2.9 आवेदक संकाय परिवर्तन के संबंध में निर्देश का अवलोकन करें एवं संकाय परिवर्तन कर रहे हैं तो Yes का चयन करें। संकाय परिवर्तन नहीं कर रहे हैं तो No का चयन करें।

2.10 Upload Photo and Signature में क्लिक कर आवेदक अपना नवीनतम रंगीन, पासपोर्ट साईज फोटो एवं हस्ताक्षर जो 100 KB तक का हो, अपलोड करें।

2.11 Document Details में क्लिक कर जाति, निवास, आय, माईग्रेशन, पात्रता, स्थानांतरण एवं चरित्र प्रमाण–पत्र इत्यादि अपलोड करें।

2.12 Preview and confirm में क्लिक कर भरे गये सम्पूर्ण जानकारी का अवलोकन करें एवं किसी प्रकार का त्रुटि होने पर सुधार करें।

2.13 समस्त जानकारी सही होने पर proceed to payment पर क्लिक कर आवेदन शुल्क का भुगतान करें।

**टीप** :– शुल्क भुगतान करते समय इंटरनेट बैकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड का उपयोग सावधानीपूर्वक करें। शुल्क भुगतान करते समय ट्रांजेक्शन आईडी को नोट कर लेवें। इंटरनेट बैकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाईन शुल्क भुगतान करते समय किसी भी प्रकार की आर्थिक क्षति/नुकसान होने पर विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। आवेदक द्वारा ऑनलाईन पंजीयन शुल्क भुगतान करने पश्चात् आवेदन करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं किये जाने अथवा प्रवेश नहीं मिलने पर भुगतान किये गये शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

2.14 आवेदन पर प्रिन्ट आउट प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रखें। जिस महाविद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। उस महाविद्यालय द्वारा जारी की प्रवेश सूची में नाम होने पर प्रवेश प्रक्रिया जैसे–शैक्षणिक दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र आदि का परीक्षण, प्रवेश शुल्क जमा करना आदि महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रवेश समिति के निर्देशानुसार पूर्ण करें।

2.15 महाविद्यालय की सूची में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, जगदलपुर एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कांकेर को लाल रंग से प्रदर्शित किया गया है। यदि आवेदक उपरोक्त में से किसी एक महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं तो एक अथवा दोनों महाविद्यालय का चयन कर सकते हैं, परन्तु किसी एक महाविद्यालय में ही प्रवेश ले सकेंगे।

2.16 **हेल्पलाईन नं. 08062526441 ईमेल आईडी** smkvhelpdesk@gmail.com

Assistant Registrar (Academic)
Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar
Jagdalpur, Dist.-Bastar, Chhattisgarh